02/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज तवांग के तेली गांव में सिनियर सिटिजन हॉम महाबोधि पॉजिटिव लिविंग सोसायटी का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार भी मौजूद थे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति और केंद्रीय मंत्री की सराहना की है। उन्होंने तवांग उपायुक्त, कांगकी दारांग, जेडपीसी तवांग, पीआरआई सदस्यों, गांव बूढ़ा और वरिष्ठ नागरिकों की इस सार्थक पहल में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत के तटीय राज्य और बंदरगाह शहर विकसित भारत के विकास के प्रमुख केंद्र बनेंगे। भारत की समुद्री यात्रा में एक मील का पत्थर चिह्नित करते हुए, प्रधानमंत्री ने आज केरल में विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह राष्ट्र को समर्पित किया। विझिंजम पोर्ट को नए युग के विकास का प्रतीक बताते हुए, 8,800 करोड़ रुपये की लागत से विकसित विझिंजम डीपवाटर सीपोर्ट दुनिया के सबसे बड़े मालवाहक जहाजों के सुचारू आगमन को सक्षम बनाता है। श्री मोदी ने कहा कि विझिंजम पोर्ट के साथ 75 प्रतिशत ट्रांसशिपमेंट ऑपरेशन के लिए भारत की विदेशी बंदरगाहों पर निर्भरता अब बदलने वाली है।

भारत के समुद्री उद्योग को ऊपर उठाने में निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि इस सहयोग ने भारत के बंदरगाहों को वैश्विक मानकों के अनुरूप उन्नत किया है। विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह देश का पहला अर्ध-स्वचालित बंदरगाह है।

0000000000000000000

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री श्री मनसुख मंडाविया ने आज राजभवन, ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनायक से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में युवा सशक्तिकरण, खेल विकास और श्रम संबंधी चुनौतियों पर चर्चा की। राज्यपाल ने खेल उत्कृष्टता और युवा गतिशीलता के उभरते केंद्र के रूप में अरुणाचल प्रदेश की बढ़ती प्रतिष्ठा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अरुणाचल के युवा ऊर्जा, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प से भरे हुए हैं। इस बीच, केंद्रीय मंत्री ने राज्य के युवाओं के लिए अवसर पैदा करने और खेल एवं श्रम विकास पर केंद्रित पहल के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में सुधार लाने का आश्वासन दिया है।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्य के सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा की। बैठक के दौरान, राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेक किशोर एवं पुलिस महानिरीक्षक (कानून और व्यवस्था)

चुखु आपा ने राज्यपाल को भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने की प्रगति, इनर लाइन परमिट व्यवस्था और अन्य महत्वपूर्ण आंतरिक सुरक्षा मामलों सहित प्रमुख मुद्दों पर जानकारी प्रदान की। राज्यपाल ने राज्य की संवेदनशील भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए सीमा पर बाड़ लगाने के रणनीतिक, सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीमा पर बाड़ लगाने से बुनियादी ढांचे के साथ-साथ क्रॉसिंग पॉइंट में अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी और विद्रोही आंदोलन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इनर लाइन परमिट प्रणाली को मजबूत करने का आह्वान करते हुए राज्यपाल ने इसे राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी और प्रशासनिक सुरक्षा बताया है। राज्यपाल ने राज्य की आत्मसमर्पण नीति पर भी चर्चा की तथा गृह मंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ परामर्श करके समग्र आंतरिक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

0000000000000000000

आईसीआर नाहरलगुन पुलिस ने संवेदनशील और सुनसान इलाकों में देर रात की गश्त तेज कर दी है। पापू हिल्स, नाहरलागुन, निरजुली और बांदरदेवा पुलिस स्टेशनों की पुलिस टीमें आपराधिक गतिविधियों को रोकने और किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से रात की गश्त में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। ये गश्त चोरी, छीनाझपटी और गैरकानूनी गतिविधियों जैसे अपराधों के खिलाफ एक निवारक तंत्र है।

इस बीच, आईसीआर नाहरलागुन के पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो ने सभी नागरिकों से गश्ती दलों को पूर्ण सहयोग देने और रात के समय पुलिस कर्मियों द्वारा जारी किए गए कानूनी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे देर रात के समय सुनसान या उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में अनावश्यक आवाजाही से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन को रिपोर्ट करें।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, लोअर सुबनसिरी, अंजाव, तिराप और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभवना है।

0000000000000000000

वेव्स बाज़ार ने वेव्स 2025 के पहले डेढ़ दिन में फ़िल्म, संगीत, एनिमेशन, रेडियो और वीएफ़एक्स क्षेत्रों में 254 करोड़ रुपये के व्यवसायिक लेन-देन की पुष्टि की है। मीडिया से बात करते हुए, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा कि इस ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन में दो दिन और बचे हैं, इसलिए यह आंकड़ा काफी बढ़ने की उम्मीद है। एक और उपलब्धि हासिल करते हुए, वेव्स बाज़ार के व्यूइंग रूम वर्टिकल से **खिड़की गाँव** नामक एक फ़िल्म प्रोजेक्ट ने बुसान इंटरनेशनल फ़िल्म फ़ेस्टिवल के बिज़नेस फ़ंड मार्केट, एशियन सिनेमा फ़ंड के साथ अपने पोस्ट-प्रोडक्शन और वीएफ़एक्स सौदे को अंतिम रूप दिया है। इस प्रोजेक्ट की कीमत 2 करोड़ रुपये है।